नये निदेशक प्रो. जैन ने संभाला पदभार

आईआईटी

पूर्व निदेशक प्रो.राजीव संगल ने सौंपा कार्यभार



प्रो जैन का स्वागत करते आईआईटी के लोग

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बीएचयू के नवनियुक्त निदेशक के रूप में प्रो.प्रमोद कुमार जैन ने बुधवार पूर्वान्ह में कार्यभार ग्रहण कर लिया। आईआईटी रूड़की में मैकेनिकल एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर पद पर कार्यरत प्रो. जैन के संस्थान में प्रथम आगमन पर आईआईटी बीएचयू के कुलसचिव डा. एसपी माथुर समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों ने नवागत निदेशक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद प्रोफेसर जैन ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की भवन स्थित प्रतिमा को नमन कर अपने निदेशक कार्यालय पहुंचे। जहां पर पूर्व निदेशक प्रो. राजीव संगल ने उन्हें निदेशक पद का कार्यभार सौंपा। प्रोफेसर जैन अगले पांच वर्षों तक संस्थान के निदेशक रहेंगे।

आईआईटी रूड़की के मैकेनिकल एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने यूनिवर्सिटी ऑफ रूड़की से वर्ष 1987 में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग से स्नातक, वर्ष 1989 में प्रोडक्शन इंजीनियरिंग से परास्नातक और कैप (सीएपीपी) विषय से वर्ष 1996 में पीएचडी की उपाधिक ग्रहण की। प्रो. जैन ने आईआईटी रूड़की में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्यरत रहे हैं। वे ग्रेटर नोएडा एक्टेंशन सेंटर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और प्रोडक्शन इंजीनियरिंग लैब्स के समन्वयक की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।

जनसंदेश टाइम्स, 02.08.2018